# INDU/RISHTA

# क्रियान्वयन

| S.No. | Programme Name | Sponsored by | Programme Conducting Date | Participate |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Green hydrogen Junior Technician, Training programme | SCGJ, New Delhi | 07/02/2025 To 01/04/2025 | 30 Students |
| 2 | Green hydrogen Junior Technician, Training programme | SCGJ, New Delhi | 01/03/2025 To 23/04/2025 | 30 Students |
| 3 | Suryamitra skill development Programme | NISE, New Delhi | 25/11/2024 To 25/02/2025 | 30 Students |
| 4 | Construction Material Testing | GPC, Agar | 20/03/2025 To 27/03/2025 | 30 Students |
| 5 | Project code computer on demand Education | GPC, Agar | 01/04/2025 To 15/05/2025 | 30 Students |

पत्रिका

# युवा संगम रोजगार मेला आयोजित, 170 युवाओं का प्रारंभिक चयन



**आगर-मालवा.** जिले के युवाओं को रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटशिप के अवसर पर उपलब्ध करवाने के हेतु शुक्रवार को युवा संगम रोजगार मेला शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर में आयोजित किया गया, जिसमें 461 पंजीकृत युवाओं( ऑनलाइन 280 एवं ऑफलाइन 181 ) में से 170 का प्रारंभिक चयन कर 91 को मौके पर जॉब ऑफर लेटर प्रदान किये गए। रोजगार मेले में 05 आवेदकों का अप्रेन्टिसशिप हेतु चयन कर ऑफर लेटर दिये गए, साथ ही 45 आवेदकों को प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार के लिए चयन किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष ओम मालवीय तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भैरूसिंह चौहान, जनप्रतिनिधि मेहरबान सिंह उपस्थित थे।जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार से संबंधित प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वे तकनीकी शिक्षा का लाभ उठाकर अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं, वे युवा संगम जैसे रोजगार मेले का लाभ लेकर ना केवल बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं बल्कि स्व-रोजगार को अपनाकर अन्य व्यक्तियों को रोजगार भी दे सकते हैं। पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर हितेंद्र सिंह तोमर ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने जिले में उपलब्ध विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसरों का लाभ उठाकर अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं।महाविद्यालय द्वारा ग्रीन एनर्जी के रूप में केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के द्वारा निशुल्क ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाई जा रहे हैं। जिनमें सोलर ट्रेनिंग प्रोग्राम (सूर्यमित्र) और ग्रीन हाइड्रोजन ट्रेनिंग प्रोग्राम वर्तमान में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में चलाएं जा रहे हैं । जिससे विद्यार्थी अपने क्षेत्र में रोजगार के उपलब्ध अवसरों को पहचान कर अपने करियर को एक नई दिशा दे सकते हैं। संचालन संजीव कुमार पाटिल द्वारा किया गया इस अवसर बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

08/03/2025 | Shajapur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

- 0n 07/03/2025, yuva sangam rojgar mela had been conducted at our college premise in which 461 candidates were participated among which 91 candidates were offered job. And 6 candidates among the offered one got selected for Force motors, Pithampur.

दैनिक भास्कर शाजापुर 23-02-2025

## विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



आगर मालवा | प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू पीजी कॉलेज आगर मालवा के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से प्राचार्य डॉ. रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में शैक्षणिक प्रयोगशाला भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण में बीएससी प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष के 55 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज आगर मालवा के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र तोमर द्वारा कॉलेज की विभिन्न प्रयोगशाला का भ्रमण करवाया गया। भ्रमण के दौरान कंप्यूटर लैब, वर्कशॉप, सिविल लैब, केमिस्ट्री लैब, हाइड्रोलिक लैब, सोलर लैब तथा ग्रीन हाइड्रोजन लैब के बारे में महाविद्यालय से राजेश चौहान, देवीसिंह ने महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए, जिससे विद्यार्थियों को प्रयोगशालाओं में उपयोग होने वाले उपकरणों एवं उनकी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। साथ ही केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट तथा सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया।

- Under INDU/RISHTA initiative students from PM Excellence College Agar visited at our institute.

दैनिक भास्कर शाजापुर 22-12-2024

दैनिक भास्कर

# विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



भ्रमण के दौरान जानकारी प्राप्त करते बच्चे।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के विद्यार्थियों ने स्काईलार्क प्रोटीन प्राइवेट लिमिटेड, झलारा तहसील तराना का भ्रमण किया। मैनेजर संजय तिवारी तथा प्लांट के मैकेनिकल इंजीनियर भानू प्रताप सिंह तंवर ने विद्यार्थियों को प्लांट में चल रही विभिन्न प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस औद्योगिक भ्रमण के दौरान महाविद्यालय से व्याख्याता अचिन मदान तथा पीयूष मालवीय विद्यार्थियों के साथ रहे तथा उनका मार्गदर्शन किया। संस्था के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। जिससे विद्यार्थियों को उद्योगों में चल रही नवीनतम गतिविधियों तथा वर्तमान तकनीकी के बारे में जानकारी प्राप्त होती है और वह अपने कैरियर में उपलब्ध विभिन्न रोजगार के अवसरों को पहचान कर अपने कैरियर को एक नई दिशा दे सकते हैं।

- Under INDU/RISHTA initiative our students had gone for industrial visit at SkyLark Protein Pvt.Ltd.

दैनिक भास्कर

शाजापुर 28-03-2025

# विद्यार्थियों को कराया औद्योगिक भ्रमण

## मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा में भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत सिलेंडर प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन का भ्रमण करवाया गया। इसमें सिलेंडर का निर्माण किस प्रकार से विभिन्न चरणों में संपादित किया जाता है के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के पूर्व संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने विद्यार्थियों को सिलेंडर के मानक विषय पर जागरूक किया। भारतीय मानक ब्यूरो के नोडल अधिकारी प्रताप सिंह कटारा ने भ्रमण कार्यक्रम का संचालन किया। संस्था परिवार की ओर से औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम में रीना राजावत, अंकित गौड़ एवं समीर मुल्तानी मौजूद थे। इसी तरह महाविद्यालय में भारत भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंड पर आधारित मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। यह प्रतियोगिता लिक्विड पेट्रोलियम गैस के मानक निर्धारण विषय पर आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक करना एवं विभिन्न उत्पादों, प्रक्रियाओं एवं सेवाओं के मानक किस प्रकार तैयार किए जाते हैं के बारे में जानकारी देना है। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्राचार्य डॉ. तोमर ने मानक विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार टीम नीतू गवली एवं कल्पना गवली कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष, द्वितीय पुरस्कार अनु मालवीय, युक्ति जादम कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष, तृतीय पुरस्कार विशाल प्रजापति मैकेनिकल द्वितीय वर्ष तथा चतुर्थ पुरस्कार निक्षय पाटीदार कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष को पुरस्कृत किया गया।




भ्रमण के दौरान विद्यार्थी व अन्य उपस्थितजन।

- Under INDU/RISHTA initiative and in guidance of BIS chapter our students visited oxygen cylinder manufacturing unit at industrial area Ujjain .

पत्रिका

# ओपन कैम्पस प्लेसमेंट में चयन



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आगर-मालवा.** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में वोल्वो आइशर कमर्शियल लिमिटेड ने ओपेन कैम्पस प्लेसमेंट्स रखा। इसमें संतोष भारती ने कंपनी के कामकाज, आवश्यक योग्यताओं और भविष्य में मिलने वाले अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी।

प्राचार्य डॉ. हितेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि ओपन कैम्पस में उज्जैन, शाजापुर, जबलपुर और पचोर से आए विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी विशेषज्ञों ने लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षण तथा इंटरव्यू के माध्यम से मूल्यांकन किया। चयनित को ऑफर लेटर प्रदान किए। ऐसे कैम्पस से छात्रों को न सिर्फ रोजगार प्राप्त होता है बल्कि कॅरियर को सही दिशा मिलती है। मयूरशिखा पंचोली, अनिल पाटीदार, कुंदन सूर्यवंशी, धर्मेंद्र यादव, अचीन मदान, राजेश चौहान व विद्यार्थी उपस्थित थे। संचालन अनिल पाटीदार ने किया। आभार राजेश चौहान ने माना।

- Under INDU/RISHTA initiative an open campus drive has been conducted at our institute where many students got placed in various MNCs like EICHER,VOLVO etc.

दैनिक भास्कर

शाजापुर 27-10-2024

दैनिक भास्कर

# पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थी व अन्य।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में रिलायंस जिओ ने विद्यार्थियों को जिओ एअर फाइबर इंस्टॉलेशन का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। रिलायंस जिओ के डिप्टी मैनेजर एचआर डिपार्टमेंट अनुराधा गुप्ता और स्टेट होम ट्रेनिंग लीड वीरेंद्र सिंह राठौड़ तथा फाइबर इंजीनियर वसीम खान मौजूद थे।

राठौड़ ने विद्यार्थियों को फाइबर इंस्टॉलेशन की ट्रेनिंग दी। प्रजेंटेशन के माध्यम से एअर फाइबर के इंस्टॉलेशन की ट्रेनिंग देकर रिलायंस जिओ एअर फाइबर द्वारा दूरगामी इलाकों तक इंटरनेट की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराना ही इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का विशेष उद्देश्य बताया। संस्था प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने इस प्रकार की ट्रेनिंग को विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी बताया और कहा कि समय-समय पर ऐसे ट्रेनिंग प्रोग्राम विद्यार्थियों के लिए चलाए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को सीखने के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष ध्रुवेंद्र चौरीशी, समीर मुल्तानी, राजेश चौहान, भरत गवली तथा विद्यार्थी मौजूद थे।

- A training program has been conducted by JIO Fiber at our institute under INDU/RISHTA initiative.

दैनिक भास्कर

शाजापुर 21-10-2024

# विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण



भ्रमण के दौरान कॉलेज के विद्यार्थी व अन्य उपस्थितजन।

आगर मालवा | शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज आगर मालवा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष (सिविल इंजीनियरिंग) के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने और औद्योगिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराने के उद्देश्य से कुंडालिया बांध जिला राजगढ़ का औद्योगिक भ्रमण करवाया गया।

भ्रमण के दौरान सागर भोगा योजना प्रभारी, विकास जैन, कृष्णसामी, अनिर्बान गिरी राजेंद्र कुमार द्वारा बच्चों को बांध के विभिन्न भाग पंप हाउस, बिजली स्टेशन आदि की जानकारी दी। कॉलेज के सिविल विभाग के व्याख्याता देवीसिंह विश्वकर्मा और रविंद्र सोनी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने इस औद्योगिक भ्रमण को छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।




Under INDU/RISHTA initiative our students has been visited to Kundaliya dam situated in district Rajgarh.

पत्रिका

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया भोपाल का औद्योगिक भ्रमण



**आगर-मालवा.** भ्रमण के दौरान उपस्थित विद्यार्थीगण।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**आगर-मालवा.** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल का औद्योगिक भ्रमण किया। दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी कौशल और उद्योग में प्रचलित प्रक्रियाओं की वास्तविक जानकारी प्रदान करना था।

पार्क की ओर से गौरव कुलहरे एवं विवेक सिंह ने औद्योगिक प्रक्रियाओं, तकनीकी नवाचारों और प्रशिक्षण के पहलुओं पर जानकारी दी। पार्क में उपलब्ध अत्याधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं और तकनीकी पाठ्यक्रमों की बारीकियों से अवगत कराया। विवेक सिंह ने मशीन डिजाइनिंग, थ्रेडिंग तकनीकों के बारे में मार्गदर्शन दिया। वरिष्ठ ट्रेनर प्रवीण शर्मा ने इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर साइंस के बारे में जानकारी दी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. हितेंद्रसिंह तोमर ने दौरे को विद्यार्थियो के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डीके चौरेशी, राजेश चौहान आदि उपस्थित थे।

29/09/2024 | Shajapur | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

- Under INDU/RISHTA initiative our students has been visited to prestigious Global Skills Park in Bhopal.

दैनिक भास्कर शाजापुर 22-09-2024

# छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



भ्रमण के दौरान जानकारी लेते हुए।

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा के अंतिम वर्ष के यांत्रिकी (मैकेनिकल) इंजीनियरिंग के छात्रों ने हाल ही में फ्लेवराइट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड इंदौर का औद्योगिक भ्रमण किया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके पाठ्यक्रम से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना और औद्योगिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था। फ्लेवराइट टेक्नोलॉजी के इस भ्रमण के दौरान उत्पादन इंजीनियर अपूर्व, अंशुल जैन और हेड ऑपरेशन्स राजीव सक्सेना ने छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को कंपनी की अत्याधुनिक उत्पादन प्रक्रियाओं, सीएनसी मशीनिंग, स्वचालन और गुणवत्ता नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को असेंबली और फैब्रिकेशन की प्रक्रियाओं का भी गहन अनुभव कराया गया। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के व्याख्याता अनिल पाटीदार तथा धर्मेंद्र यादव ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और पूरे दौरे के दौरान उनके साथ रहे। विशेषज्ञों के साथ संवाद के दौरान छात्रों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों को समझने का अवसर मिला। साथ ही कैरियर संबंधी मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। प्राचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तोमर ने इस औद्योगिक भ्रमण को छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे दौरे न केवल छात्रों की व्यावहारिक समझ बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें भविष्य में सफल इंजीनियर बनने के लिए प्रेरित भी करते हैं। यह दौरा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव साबित होगा।

- Under INDU/RISHTA initiative our students has been gone for industrial visit at Flavrite technology Pvt.Ltd in Indore.



शाजापुर 19-07-2024

# अग्नि वीर वायु सेना भर्ती : जागरूकता कार्यक्रम 19 को

भास्कर संवाददाता | आगर मालवा

भारतीय वायुसेना द्वारा अग्निपथ योजनांतर्गत अग्नि वीर वायु भर्ती-2025 के प्रचार-प्रचार व जागरूकता के लिए जिले में 19 जुलाई को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें सीएम राइज विद्यालय आगर में सुबह 10.30 से 11.45 बजे तक, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आगर में दोपहर 12 से 1.30 बजे तक एवं शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर में दोपहर 2.15 से 4 बजे तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। वायु सेना वालंटियर डीएस राणा, जितेंद्र प्रसाद द्वारा विद्यार्थियों को अग्नि वीर योजना के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

- Under INDU/RISHTA Initiative, the Indian Air Force visited to our institute and equipped the young minds with latest technology and motivated them to serve the nation by joining the force.

**दैनिक भास्कर**

## शाजापुर 28-12-2024

# विद्यार्थियों ने पॉलीटेक्निक महाविद्यालय का किया भ्रमण




आगर मालवा | तकनीकी शिक्षा तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हिर्तेंद्र सिंह तोमर के निर्देशन में बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आगर तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोयत कला के विद्यार्थियों को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा का भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय से व्याख्याता समीर मुल्तानी ने विद्यार्थियों को बताया कि शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय आगर मालवा में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन ब्रांच में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम कराया जाता है, डिप्लोमा पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को सैद्धांतिक विषय के साथ-साथ प्रायोगिक कार्य भी कराया जाता हैं। कंप्यूटर साइंस ब्रांच में विद्यार्थियों को हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर लैंग्वेज, कोडिंग, डिकोडिंग, कंप्यूटर नेटवर्किंग आदि के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कंप्यूटर शिक्षा का महत्व बताया गया। सिविल डिपार्टमेंट में देवी सिंह विश्वकर्मा, मैकेनिकल डिपार्टमेंट में व्याख्याता धर्मेंद्र यादव तथा अचीन मदान और इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट में व्याख्याता अंकित गौड़ तथा प्रताप सिंह कटारा द्वारा पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से बच्चों को जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. तोमर ने संबोधित किया।

Under INDU/RISHTA initiative students from Govt. Higher Secondary School, Soyat Kalan visited at our institute.

पत्रिका

# सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थी पॉलिटेक्निक कॉलेज पहुंचे



**आगर-मालवा.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीएम राइज स्कूल बड़ोद के विद्यार्थियों को शनिवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय आगर का भ्रमण कराया गया जहां विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाएं जैसे हाइटेक लेब, केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदाय विभिन्न छात्रवृत्ति, हॉस्टल, लाइब्रेरी, विभिन्न उपकरण तथा मशिनो के ऑपरेशन कॉलेज में चल रहे डिप्लोमा कोर्स के लाभ, अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न अवसर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

08/12/2024 | Shajapur | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

Under INDU/RISHTA initiative students from Govt. CM RISE School, Badaod visited at our institute